दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 214 | छतरपुर, सोमवार 03 मार्च 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# साहब! एमसीबीयू में कब बंद होगे घोटाले

## सहायक प्रध्यापकों की गुपचुप तरीके से हो रही है भर्ती, योग्य आवेदक आवेदन करने से हुये वंचित

**अजय सिंह परिहार**

छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्व विद्यालय अस्तित्व में आने के बाद से ही किसी न किसी घोटाले को लेकर सुर्खिया में रहा है, हालांकि घोटालों को लेकर कभी भी प्रभावी कार्रवाई नहीं हुयी जिससे घोटालों का सिलसिला बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला सहायक प्राध्यापकों के 40 पदों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर है। यह प्रक्रिया बहुत ही गोपनीय तरीके से सम्पन्न हो रही है जिससे कई योग्य आवेदक आवेदन करने से ही वंचित हो गये हैं लेकिन इन आवेदकों की कोई सुनने वाला नहीं है। एक आवेदिका ने तो कुलपति से लेकर राज्यपाल तक शिकायत दर्ज करायी है लेकिन उसे अभी तक न्याय नहीं मिला है।

### एमसीबीयू की बेवसाईट में नहीं डाला विज्ञापन

सूत्रों ने बताया कि सहायक प्राध्यापकों के 40 पदों के लिये 9 जनवरी को विज्ञापन जारी किया गया और 11 जनवरी को विज्ञापन बंद कर दिया गया। यह विज्ञापन दो ऐसे अखबारों में जारी किया गया जो ढूढने से भी नहीं मिल रहे हैं। विज्ञापन में विश्वविद्यालय द्वारा जो बेवसाईट दी गयी है उसे खोलने पर विज्ञापन नहीं निकल रहा है जिस कारण आवेदकों को आवेदन करने का मौका नहीं मिला सिर्फ उन्हीं लोगों को आवेदन देने का मौका मिला जो विश्वविद्यालय प्रबंधक के चहेते रहे हैं।

### ऑफलाइन लिये गये आवेदन

सूत्रों ने बताया कि सहायक प्राध्यापकों की भर्ती के लिये ऑनलाइन नहीं ऑफलाइन आवेदन लिये गये, साथ ही विज्ञापन को नोटिस वोर्ड में भी चश्पा नहीं किया गया। लगता यह है कि यह पूरा खेल अपने चहेतो को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है।

### आकांक्षा ने बतायी अपनी व्यथा

छतरपुर की आकांक्षा गौतम भी सहायक प्राध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया में आवेदन करने से वंचित हो गयी हैं। आकांक्षा ने बताया कि उसे जब इस भर्ती प्रक्रिया की जानकारी मिली तब वह बनारस में थी चूंकि आवेदन ऑफलाइन हो रहे थे इसलिए वह ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पायी और विज्ञापन में दी गयी आवेदन की अंतिम तारीख के दिन ही वह छतरपुर के लिये रवाना हुयी लेकिन महाकुंभ के कारण ट्रेन लेट हुयी फिर भी वह उसी दिन शाम 4 बजे के बाद विश्वविद्यालय पहुंची लेकिन उसका आवेदन नहीं लिया गया बल्कि तरह-तरह के बहानों से आवेदन लेने में टालमटोल की गयी, जिसकी शिकायत उसने कुलपति से लेकर राज्यपाल महोदय तक से की है।

### कोर्ट जा सकता है यह मामला

आकांक्षा ने बताया कि अगर उसे इंसाफ नहीं मिला और उसे आवेदन करने की अनुमति नहीं दी गयी तो वह इस पूरे मामले को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगी।


### इनसे नहीं हो सका संपर्क

जब रजिस्टार इन्द्रजीत पटेल के मोबाइल नम्बर 9406569387 एवं शोभा तिवारी कुलपति के मोबाइल नम्बर 9425185320 पर संपर्क कर इनका पक्ष जानना चाहा लेकिन इनसे संपर्क नहीं हो सका जिससे इनका पक्ष ज्ञात नहीं हो सका।

# नियम कानून सिखाने वाले खुद नियम कानून की उड़ा रहे धज्जियां

## -देर रात थाना परिसर में ठुमका लगाने वाले 4 पुलिस कर्मियों को एसपी ने किया लाईन अटैच

## -अजयगढ एसडीओपी को सौंपी गई जांच, धरमपुर थाने का मामला





**शिव किशोर पांडेय**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना देर रात धरमपुर थाने से एक वीडियों इंटरनेट मीडिया पर बडा तेजी से वायरल हुआ जिसमें थाने के अंदर थाना प्रभारी बलवीर सिंह का जन्मोत्सव मनाया जा रहा था जिसमें पूरे थाने को सजाया गया था और नाचगाने का प्रबंध भी किया गया था। प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार जैसे ही इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ वैसे ही आम लोगो की प्रतिक्रिया भी आना शुरू हुई जिसमें पुलिस थाने के अंदर पुलिसकर्मी ध्वनी यंत्र लगाकर आपत्तिजनक गानों पर नृत्य करते हुये पाये गये। वहीं स्वयं अपने मोबाईलों से वीडियो बनाकर अपने ही शोसल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट भी किये। जिसके बाद पन्ना पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण थोटा ने पूरे विषय को गंभीरता से लेते हुये 4 पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाईन अटैच कर दिया, जिसमें एएसआई रवेन्द्र अन्य अखिल, अशोक और अजय पटेल इन सभी पुलिस कर्मियों को भी लाईन अटैच किया गया। वहीं पूरे मामलें की विस्तृत जांच के लिये एसडीओपी अजयगढ को कहा गया है। चूंकि पुलिस विभाग एक अनुशासन एवं नियमों का पालन करवाने वाला एक विभाग है इस प्रकार की वीडियो एवं कृत्यों से पुलिस की छवि धूमिल होती है वहीं गंभीर बात तब होती है जब संवैधानिक संस्थानों में नियम का पालन करने वाले पुलिसकर्मी ही अगर नियमों का उल्घंन करने लगे और अपने



...शेष पृष्ठ 16 पर





# शिव किशोर पाडेय संवाददाता नियुक्त

पन्ना। युवा एवं अनुभवी पत्रकार शिव किशोर पांडे को दैनिक परिहार गर्जना समाचार पत्र का पन्ना जिले का संवाददाता नियुक्त किया गया है। अब पन्ना जिले के लिये समाचारों एवं विज्ञापनों के लिये श्री शिव किशारे पांडेय के मोबाइल नं.9993393955 संपर्क करें।

## बस इतना ही संग था हमारा तुम्हारा गीत के साथ संस्था के प्राचार्य को सेवा निवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय पर संचालित पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य के पद पर पदस्थ एनसी तिवारी को आज उनकी शासकीय सेवा पूर्ण होने पर संस्था के स्टाफ के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से किया गया तत्पश्चात विद्यालय स्टाफ के द्वारा संस्था के प्राचार्य एनसी तिवारी का फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए श्रीमती संध्या घोष के द्वारा प्रस्तुत किए गए बस इतना ही संग था हमारा तुम्हारा गीत के साथ भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अपनी शासकीय सेवा पूर्ण कर चुके संस्था के प्राचार्य एनसी तिवारी ने कहा कि लगभग 43 वर्ष की शासकीय सेवा में हमने अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ करने का प्रयास किया और हम जहां भी पदस्थ रहे हमने शिक्षण व्यवस्था और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया। श्री तिवारी ने कहा कि हमें पहचान भी शिक्षण कार्य से ही मिली है लेकिन अब शिक्षक और विद्यार्थी के रिश्तों में जो गिरावट आ रही है वह चिंताजनक है। श्री तिवारी ने कहा कि हमने अपने शासकीय सेवा का शुभारंभ पोस्ट ऑफिस में सेवाएं देकर किया था और उसके बाद हमने शिक्षा विभाग में आकर अपनी सेवाएं दी और छतरपुर जिले से शिक्षा विभाग में अपनी सेवा का शुभारंभ किया था इसके उपरांत कई वर्षों तक हम निवाड़ी जिले में ही पदस्थ रहे और आज हम शासकीय परंपराओं का निर्वहन करते हुए अपने शासकीय सेवा से मुक्त हुए हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी आशीष खरे ने भी श्री तिवारी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री तिवारी का मार्गदर्शन हमें प्राप्त हुआ है और श्री तिवारी ऊपर से जितने कठोर हैं अंदर से उतने ही सरल स्वभाव के हैं। संस्था के स्टाफ के द्वारा आयोजित किए गए विदाई समारोह में श्रीमती रेखा अहिरवार के द्वारा भी एक बेहद मार्मिक विदाई गीत प्रस्तुत किया गया तथा संस्था की प्राचार्य श्रीमती भारती जैन सहित समस्त स्टाफ के द्वारा एक स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए संस्था के प्राचार्य रहे श्री तिवारी को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी राजेश पटेरिया श्रीमती नीलम मिश्रा श्रीमती दीप्ति दिक्षित श्रीमती रितु निगम श्रीमती संध्या घोष श्रीमती प्रतिभा तिवारी शुभम तिवारी सूरज प्रजापति संजीव गुप्ता श्रीमती गीता नायक राजेश सिंह ठाकुर सहित विद्यालय स्टाफ एवं शिक्षा विभाग के अन्य स्टाफ के साथ-साथ श्री तिवारी के परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का बेहद गरिमा पूर्ण संचालन हाई स्कूल केना के प्राचार्य अंजनी चतुर्वेदी द्वारा किया गया।




## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आओ आध्यात्मिक अलख जगाएं, एक दिव्य समाज बनाएं - ब्रह्माकुमारी शैलजा बहन जी






**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिरों की नगरी खजुराहो में बहुत धूमधाम से शिवरात्रि महोत्सव मनाया गया जिसमें मतंगेश्वर महादेव शिव के साथ श्री शंकर पार्वती जी की मनोरम झांकी सजाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु स्मृति के साथ किया गया। इसी श्रृंखला में कुमारी काव्या ने स्वागत नृत्य करके सभी अतिथियों का स्वागत किया। छतरपुर से पधारी आदरणीया ब्रह्माकुमारी शैलजा बहन जी का तिलक, गुलदस्ते एवं चुनरी उड़ाकर सम्मान किया गया। ब्रह्माकुमारी कमला दीदी जी ने सभी को शिवरात्रि का रहस्य बताया एवं प्रभु के संग का अनुभव कैसे करें उसकी विधि बताई ।

ब्रह्माकुमारी कल्पना दीदी जी ने सभी को परमात्मा का परिचय देकर परमात्मा से मिलने की विधि समझाई। इसी तारतंम में कुमारी रोशनी ने भी शिव महिमा का नृत्य करके सभी को परमात्मा महिमा से अवगत कराया । आदरणीया ब्रह्माकुमारी शैलजा बहन जी ने अपने उद्बोधन में कहा यह शिवरात्रि हमें अनेकता में एकता कैसे लाएं यह शिक्षा देती है । जैसे शिव जी का परिवार संगठित रूप में दिखाया हैं आप देख सकते हैं कि शंकर जी का वाहन बैल, पार्वती जी की सवारी शेर, कार्तिकेय की सवारी मोर, और गणेश जी की सवारी चूहा है ,जो एक दूसरे के विपरीत है ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी साथ रहना कितना सुंदर मैनेजमेंट हैं। हम सब भी अपने परिवारों का ऐसे मैनेजमेंट बनाकर चलें जब सभी परिवारों में मैनेजमेंट होगा तो समाज का मैनेजमेंट स्वत हो जाएगा और यह समाज एक दिव्या समाज बन जाएगा ऐसा दिव्या समाज बनाने की जिम्मेदारी हम सब की है हम सब परिवार के सदस्य हैं हम सबको अपने-अपने परिवार की जिम्मेवारी लेना है कि हम अपने परिवार के साथ मिलकर रहे प्रेम से रहें एकता से रहे भले ही परिवार के सदस्य कैसे भी हो पर हर पार्ट धारी का पार्ट अपना है वह अपना पार्ट बहुत अच्छे से बजा रहे हैं ,हमें अपने पार्ट को भी बखूबी निभाना हैं ।तत्पश्चात शिव परमात्मा एवं शंकर पार्वती जी की आरती पूजन बंधन किया गया ।साथ ही शिव ध्वजारोहण भी किया गया।

कार्यक्रम में खजुराहो की महारानी साहब कविता राजे , रचना पटेरिया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजनगर, निर्मल अग्रवाल अग्रवाल महिला समाज अध्यक्ष ,संतोष पटेरिया कवियत्री राजनगर, बबीता सोनी जी, नमिता श्रीवास्तव जी ,श्री अनुज कृष्ण महाराज जी, पीठाधीश्वर चौवर धाम सरकार, कमलेश उपाध्याय जी, रामगोपाल शर्मा जी ,माया अग्रवाल जी,राकेश जैन जी जैन समाज के अध्यक्ष, वीरेंद्र तिवारी जी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष, विजय कुमार अग्रवाल जी मयूर फैशन हाउस, राम प्रकाश गुप्ता जी गुप्ता समाज अध्यक्ष, सुनील पांडे जी अध्यक्ष राष्ट्रीय पत्रकार संगठन इंडियन फेडरेशन वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन जिला छतरपुर ,तुलसीदास सोनी पत्रकार, राजीव शुक्ला जी पत्रकार, शिल्पी जैन जी स्वर्ण उदय एवं अरिहंत महिला मंडल अध्यक्ष , सहित समस्त गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें कार्यक्रम के अंत में सभी को ईश्वरीय सौगात एवं प्रसाद दिया गया।

# प्रशासनिक कार्यवाही से भू माफिया और खनिज माफियाओ में हड़कंप

## -भू माफिया जनप्रतिनिधियों से मिलकर बना रहे एसडीएम के स्थानांतरण की रणनीति
## -अतिक्रमण हटाने पर एसडीएम को मिली थी भू माफियाओं से धमकी

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। बुंदेलखंड की अयोध्या कहीं जाने वाली भगवान श्री राम राजा सरकार की नगरी ओरछा जहां धार्मिक और पर्यटक नगरी के रूप में संपूर्ण विश्व में विख्यात है वही भू माफियाओं एवं खनिज माफियाओ का भी प्रमुख केंद्र होने से ओरछा की प्रसिद्धि संपूर्ण देश में हो रही है। आपको बता दें कि देश के बड़े-बड़े भू माफिया ओरछा में सक्रिय हैं जहां उनके द्वारा शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण कर अपने महल तैयार किये जा रहे हैं जिसको लेकर शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने एवं खनिज माफिया द्वारा किए जा रहे अवैध उत्खनन एवं खनिज के अवैध परिवहन को लेकर प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके चलते भूमाफिया एवं खनिज माफियाओं में हड़कंप देखा जा रहा है और इसी तरह की कार्यवाही आज से लगभग एक हफ्ते पहले कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी अनुराग निग़वाल के मार्गदर्शन में की गई थी जिसमें शासकीय जमीन पर बनाए जा रहे होटल के निर्माण को गिराकर लगभग 3 करोड रुपए मूल्य की 2 एकड़ शासकीय जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया था और इसी तरह की कार्यवाही लगभग दो दिन पहले भी की गई जब ओरछा में एक और होटल पर कार्यवाही करते हुए प्रशासन द्वारा लगभग पौने दो करोड रुपए मूल्य की शासकीय जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया था और बीते रोज एक ग्राम प्रतापपुरा में व्यापारिक प्रतिष्ठान पर कार्यवाही करते हुए लगभग तीन करोड रुपए मूल्य की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया इसके साथ-साथ खनिज माफियाओं के खिलाफ भी प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है और जिले के लगभग सभी थाना परिसर खनिज का अवैध परिवहन करने वाले वाहनों से भरे हुए हैं।




***एसडीएम को मिली थी धमकी***

अनुविभागीय अधिकारी अनुराग निगवाल एक तेज तर्रार अधिकारी माने जाते हैं तथा उनके द्वारा अपने शासकीय दायित्व का निर्वहन बेहद ईमानदारी के साथ किया जाता है और अपने शासकीय दायित्व का ईमानदारी से पालन करते हुए उनके द्वारा भूमाफियाओं एवं खनिज माफिया के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसको लेकर भूमाफियाओं द्वारा अनुभिभागीय अधिकारी अनुराग निगवाल को धमकी भी दी गई थी जिसके जवाब में अनुविभागीय अधिकारी अनुराग निगवाल के द्वारा अपने सोशल प्लेटफॉर्म अकाउंट पर की गई पोस्ट में लिखा गया था होटल विजय ग्रीन्स ओरछा से एक करोड़ 70 लाख की सरकारी जमीन मुक्त कराई गई है झांसी और ओरछा के भूमाफियाओं की नींदें हराम है गीदड़ों तुम्हारी धमकियां तकनीकी षडयंत्रों शिकायतों और दबाव से भोलेनाथ रक्षा करेंगे। अनुविभागीय अधिकारी अनुराग निगवाल के द्वारा अपने सोशल प्लेटफॉर्म पर की गई पोस्ट से साफ प्रतीत हो रहा है कि भू माफियाओं एवं अतिक्रमणकारियों के द्वारा एसडीएम को धमकी दी गई है। एसडीएम अनुराग निगवाल ने भूमाफियाओं एवं अतिक्रमणकारियों के द्वारा दी जा रही धमकियों को खुले चैलेंज के रूप में स्वीकार किया था तथा अतिक्रमणकारियों भूमाफियाओं एवं खनिज माफिया के खिलाफ कार्यवाही लगातार किए जाने की बात कही थी। और बीते रोज ही एसडीएम अनुराग निगवाल ने एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए लगभग तीन करोड रुपए की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जिसके उपरांत अब संपूर्ण विकासखंड में अतिक्रमणकारियों के बीच भारी हड़कंप देखा जा रहा है।

***एसडीएम का हो सकता है स्थानांतरण***

विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी ओरछा में झांसी सहित देश के कई बड़े शहरों के भूमिया सक्रिय हैं जिनके द्वारा अधिकारियों से साठ गांठ कर जमीनों का हेर-फेर किया जा रहा है तथा वेशकीमती शासकीय जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है जिसको लेकर अनुविभागीय अधिकारी अनुराग निगवाल के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है और बड़े-बड़े भूमाफियाओं एवं अतिक्रमणकारियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही से भू माफियाओं एवं खनिज माफियाओं में भारी हड़कंप देखा जा रहा है जिसके चलते अब भू माफिया एवं खनिज माफिया अनुविभागीय अधिकारी का स्थानांतरण कराए जाने की योजना बनाते देखे जा रहे हैं और अब राजनैतिक गलियारों में हो रही चर्चाओं से मिल रही सूचनाओं के अनुसार भू माफिया एवं खनिज माफिया राजनैतिक जनप्रतिनिधियों से मिलकर अनुविभागीय अधिकारी अनुराग निगवाल का स्थानांतरण कराए जाने के लिए सक्रिय बताए जा रहे हैं।

***अब किसी के भी रोके नहीं रुक रहे एसडीएम***

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में पहली कार्यवाही एसडीएम अनुराग निगवाल के द्वारा ओरछा क्लब एंड रिजॉर्ट होटल पर की थी और उसके बाद एक और होटल पर भी कार्यवाही करते हुए करोड़ों रुपए मूल्य की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया था जिसके बाद कुछ अतिक्रमणकारियों के द्वारा एसडीएम अनुराग निगवाल को धमकी दी गई थी और ऐसी भी चर्चाएं हैं कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी अतिक्रमण के खिलाफ कठोर कार्यवाही को रोके जाने के प्रयास किए गए लेकिन अब ऐसा माना जा रहा है कि अतिक्रमणकारियों से मिली धमकी के बाद एसडीएम अनुराग निगवाल किसी के भी रोके नहीं रुक रहे हैं और लगातार शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने की कार्यवाही को अंजाम दे रहे हैं और अब ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि जिला मुख्यालय पर भी शासकीय भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया जा सकता है।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आध्यात्मिक विकास एवं राष्ट्रीय भावना का विकास करना परम आवश्यक है- डॉ. विनोद मिश्रा

## जिन्हे विसर्जन आता है उन्हे निर्माण सिखाने की आवश्यकता नहीं- डॉ. ऋतु तिवारी



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। शासकीय स्वशासी कन्या महाविद्यालय में ''विकसित भारत 2047 की संकल्पना एवं कौशल विकास'' विषय पर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरू डॉ. विनोद कुमार मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा भारत एक विकाशील राष्ट है, एवं विकसित होने की ओर गति से आगे बढ़ रहा है हमें भौतिक विकास के साथ आध्यात्मिक विकास एवं राष्ट्रीय भावना का विकास करना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने अनेक उदाहरण के माध्यम से विकास की संकल्पना को प्रतिपादित किया। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता डॉ. रितु तिवारी अध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग आर्य कन्या महाविद्यालय नागपुर ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा भारत की ऐतिहासिक परम्पराऐं बेहद समृद्धशील रही है, दूसरे देश हमारे शास्त्रों का अनुवाद कर अनुसंधान करते है। निर्माण अथवा सृजन भारत वासियों के डी.एन.ए. में है। बस इस युवा देश को भारत के नाम से प्रेम करना सीखना है, क्योंकि जिन्हें निर्माण आता वे विध्वंस से नही डरते। जिन्हें विसर्जन आता है, उन्हें निर्माण सिखाने की आवश्यकता नहीं होगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. के.सी. जैन ने कहा ''भारत स्वर्णिम भारत था हमें उसको विकसित बनाने के लिए पुर्ननिर्माण करना है। महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मनीषा विनय मिश्रा ने कहा विकसित भारत में सामाजिक समानता की भावना की स्थापना होना नितांत आवश्यक है, तभी सही अर्थों में विकास का लाभ प्राप्त होगा। रानी अंबतीबाई लोधी विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉ. शक्ति जैन ने कहा कौशल विकास ही वह मार्ग है जिससे भारत के विकसित राष्ट होने की संकल्पना साकार होगी। डॉ. आर.के. गोस्वामी ने कहा विकास हमारी प्राथमिक आवश्यकता है, परंतु हमे अपनी परम्परा संस्कृति के साथ विकसित राष्ट की संकल्पना पूर्ण करनी होगी। मंचीय अतिथियों द्वारा 70 शोध आलेख वाली पुस्तक का विमोचन किया गया। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. के.सी. जैन एवं डॉ. जय प्रकाश मिश्रा पूर्व कुल सचिव डब्ठन् विश्वविद्यालय छतरपुर विशेषज्ञ रहे। द्वितीय तकनीकी सत्र के डॉ. गिरीश मोहन दुबे पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. एच.एस गौर विश्वविद्यालय सागर, डॉ. विनोद कुमार सेन सहा. प्राध्यापक जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटर थे। तृतीय सत्र की अध्यक्षता डॉ. शशिकांत शुक्ला विषय विशेषज्ञ डॉ. वीरेन्द्र मस्टेनिया सहा.प्राध्यापक हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय थे। सभी सत्रों में शोधार्थी एवं प्राध्यापकों द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा नारी सशक्तीकरण द्वारा ही विकास को प्राप्त किया जा सकता है। समन्वयक डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा बतायी संचालन डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने किया, आभार डॉ. दीप्ति जैन ने माना। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा शर्मा, डॉ. भूपेन्द्र कुमार का अभूतपूर्ण सहयोग रहा। महाविद्यालय की पूर्व प्राध्यापक डॉ गायत्री यादव ,डॉ रेखा बखूशी, आशा पाराशर ,डॉ. अंकित सूर्यवंशी, डॉ. प्रमेश गौतम, डॉ. नीरज गौतम, डॉ. कमलेश दुबे, डॉ. रेखा वर्मा, डॉ. विशाल मिश्रा, डॉ. गजेन्द्र रावत, शिल्पी जैन, दुर्गेश नंदनी, डॉ. किरण जैन, डॉ. दीप्ति मिश्रा, डॉ. रूचि राठौर, डॉ. रश्मि दुबे डॉ निशा इंद्र गुरु संपूर्ण महाविद्यालय परिवार सहित संभाग के सभी महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहें।

# प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा पहुंचे सागर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने किया स्वागत



परिहार गर्जना न्यूज। सागर! भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री रविवार शाम सागर के विश्राम गृह क्रमांक 1 में पहुंचे जंहा उनका भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया प्रवास के दौरान संगठन मंत्री हितानंद शर्मा ने जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी,ग्रामीण जिला अध्यक्ष रानी कुशवाहा,प्रदेश मंत्री प्रभुदयाल पटेल बीना विधायक निर्मला स्प्रे से चर्चा कर संगठन मंत्री हितानंद शर्मा ने उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से भेंट की ! इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी,पार्षद रीतेश तिवारी,संजय चौबे,सुमित यादव अर्जुन सूर्यवंशी जी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का बयान कुंठ मानसिकता का परिचय राज



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। आम आदमी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत राज ने प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल द्वारा जो बयान दिया गया है उसकी आम आदमी पार्टी निंदा करती हैं आप नेता ने बताया कि मंत्री प्रहलाद पटेल जी द्वारा जो बयान दिया गया है यह उनकी किसान, गरीब और दलित विरोधी मानसिकता दर्शाती हैं और आने वाले समय में जनता उन्हें उसका जवाब देगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल पूर्व में भी दलितों पर टिप्पणी कर चुके हैं उनके इस तरह के बयान पर मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी को संज्ञान में लेकर मंत्री मंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए।

# युवा मंडल साहू समाज मां कर्मा देवी जयंती पर 11 गरीब कन्याओं का करेगा विवाह



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। शहर के शास्त्री वार्ड स्थित साहू सामुदायिक भवन में युवा मंडल साहू समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मां कर्मा देवी जयंती और निशुल्क आदर्श विवाह सम्मेलन की चर्चा कर रूपरेखा तय की गई।

गौरतलब है कि युवा मंडल साहू समाज हर वर्ष मां कर्मा देवी जयंती पर निशुल्क आदर्श विवाह सम्मेलन का आयोजन करता है, इस वर्ष भी माँ कर्मा देवी जयंती पर यह आयोजन बड़े भव्य स्तर पर किया जाएगा, बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 10 समाज की गरीब कन्याओं व एक अन्य समाज की गरीब कन्या का विवाह सम्मेलन में कराया जाएगा, जिसमें युवा मंडल साहू समाज द्वारा 40 हजार रूपये की विवाह सामग्री प्रत्येक जोड़े को उपहार स्वरूप भेंट की जाएगी इसके साथ ही समाज के लोगों द्वारा भी अपनी ओर से वर -वधु को उपहार सामग्री भेंट की जाएगी।

युवा मंडल अध्यक्ष खेमचंद साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि मां कर्मा देवी जयंती पर आयोजित होने वाले निशुल्क आदर्श विवाह सम्मेलन के कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तय करने अगली बैठक 4 मार्च मंगलवार को शाम 7ः30 बजे साहू सामुदायिक भवन में आयोजित की जाएगी,जिसमें महिला मंडल की सभी पदाधिकारी व सदस्य, ट्रस्ट सदस्य युवा मंडल के सभी पदाधिकारी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है, उन्होंने बताया इसी बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्था प्रभारी के नाम तय कर उन्हें कार्य सौंपा जाएगा यह जानकारी साहू समाज जिला प्रवक्ता शिवम् साहू ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रेस को दी।

# विश्वविद्यालय- स्वदेशी ज्ञान और टिकाऊ समाज पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 8 और 09 को

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के मानवविज्ञान विभाग द्वारा 8-9 मार्च, 2025 को स्वदेशी ज्ञान और टिकाऊ समाज विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन और मानवविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. अजीत जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन की संयोजक डॉ. सोनिया कौशल और डॉ. विजया हैं।



इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 50 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ स्वदेशी ज्ञान और टिकाऊ समाज के विभिन्न उप-विषयों पर महत्वपूर्ण व्याख्यान देंगे। भारत और दुनिया भर से बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्वान अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य स्वदेशी समुदायों और वैज्ञानिक समुदायों के साथ काम करने वाले विद्वानों को अपने अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना, उभरती वैश्विक चुनौतियों के लिए व्यावहारिक समाधान विकसित करने के लिए स्वदेशी ज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को संयोजित करने के तरीकों का पता लगाना तथा यह चर्चा करना कि यह एकीकरण अधिक लचीले, टिकाऊ और न्यायसंगत समाज बनाने में कैसे योगदान दे सकता है।

प्रो. अजीत जायसवाल ने बताया कि यह सम्मेलन स्वदेशी ज्ञान के महत्व को उजागर करने और टिकाऊ विकास के लिए इसके उपयोग पर चर्चा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी ज्ञान में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक न्याय जैसी वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने की अपार क्षमता है।

डॉ. सोनिया कौशल और डॉ. विजया ने बताया कि इस सम्मेलन में विभिन्न देशों के विशेषज्ञ भाग लेंगे, जिससे स्वदेशी ज्ञान और टिकाऊ विकास पर वैश्विक दृष्टिकोण प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन शिक्षकों, शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण सीखने का अवसर होगा। यह सम्मेलन स्वदेशी ज्ञान और टिकाऊ विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा और समाज को अधिक टिकाऊ और न्यायसंगत बनाने में मदद करेगा।

# मनरेगा में मजदूर मायूस, मन की करने लगे सरपंच, चल रही मशीनें

## फेरा जा रहा पानी, माटी में मिला रहे शासन की मंशा, यह कैसी मनमानी

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। बल्देवगढ़। मजदूरों के कल्याण के लिए चलाई जा रही मनरेगा स्कीम को माटी में मिलाने पर सरपंच और सचिव तुले हुए हैं। मनरेगा में मन की करते हुए मजदूरों से काम न कराकर मशीनों से काम लिया जा रहा है। सरपंच और सचिवों की मनमानी को लेकर मजदूर मायूस है। इस संबन्ध में निष्पक्ष जांच कराकर लापरवाही एवं मनमानी करने वालों पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता महशूस की जा रही है। बताया गया है कि ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। मजदूरों के लिए बनाई गई मनरेगा योजना अब सरपंच सचिव की कमाई का जरिया बन गई है। बल्देवगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पिपरा, बिलारी, मतोल खास एवं चौबारा में सेक्टर प्रभारी उपयंत्री की मिलीभगत से सरपंच सचिव द्वारा मनरेगा योजना से किए जा रहे, निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इन ग्राम पंचायतों में कई माह पहले जेसीबी मशीनों से हुए निर्माण कार्यों पर अब सरपंच सचिव फर्जी मजदूरों के नाम फर्जी मस्टर रोल जारी कर सरकारी धनराशि को ठिकाने लगा रहे है। मनरेगा योजना के काम जेसीबी मशीन से होने पर जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी इस फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की वजह सरपंच-सचिव एवं उपयंत्री को खुला संरक्षण दे रहे है। यही कारण है कि सेक्टर प्रभारी उपयंत्री सहित सरपंच सचिव के हौसले बुलंद है और केवल कागजों में ही मजदूरों को मजदूरी कर रहे हैं। लेकिन फिर भी जिम्मेदार अधिकारी ग्राम पंचायत पिपरा बिलारी, मतोल खास एवं चौबारा सरपंच सचिव कार्यवाही करने कतरा रहे हैं।



***कागजों में दर्ज मजदूर, काम मशीनों से***

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत पिपरा बिलारी में मनरेगा योजना से स्वीकृत सुदूर सड़क रोड का निर्माण कार्य सामुदायिक भवन से स्कूल की ओर तक 2023 में जेसीबी मशीन से किया गया था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा तत्कालीन जनपद सीईओ प्रभास राज घनघोरिया से की गई थी। शिकायत पर तत्कालीन जनपद सीईओ ने जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे और इस रोड के मास्टर जारी करने पर रोक लगाई थी। लेकिन सरपंच-सचिव द्वारा सेक्टर प्रभारी उपयंत्री सहित जनपद के जिम्मेदारों के संरक्षण में फिर से इसी सुदूर रोड पर फर्जी मजदूरों के नाम फर्जी मास्टर रोल जारी किए जा रहे हैं। रविवार को इस सड़क पर 45 मजदूरों ऑनलाइन मास्टर रोल में कम पर हैं। लेकिन जब हमारी टीम ने मौके पर जाकर देखा तो दूर-दूर तक एक भी मजदूर काम पर नजर नहीं आए हैं।

***प्रशासन की उदासीनता से खफा-***

ग्राम पंचायत मतोल खास में आदिवासी खिरक से प्राथमिक शाला एवं आंगनवाड़ी केंद्र बघाई तक 14 लाख 85 हजार रुपए की लागत से मनरेगा योजना से स्वीकृत सुदूर सड़क रोड का निर्माण कार्य मजदूरों से कराया जाना प्रस्तावित है, लेकिन सरपंच-सचिव द्वारा सेक्टर प्रभारी उपयंत्री से मिली भगत कर जेसीबी मशीन से इस रोड का निर्माण कर कर दिया गया है और अब फर्जी मस्टर रोल जारी कर फर्जी मजदूरों के नाम राशि निकाली जा रही है। रविवार को सुदूर सड़क पर 50 मजदूर ऑन लाइन मास्टर में भरे हैं लेकिन मौके पर एक भी मजदूर सुदूर सड़क रोड के कम पर मौजूद नहीं था। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क का काम तो जेसीबी मशीन से रातों रात किया गया है। लेकिन फिर भी जिम्मेदार कुंभकरण की नींद में सो रहे हैं।

***जेसीबी से डाली मिट्टी-***

ग्राम पंचायत चौबारा में बाहोबाई से फूटा नाले तक 16 लाख 48 हजार रुपए की लागत से स्वीकृत सुदूर सड़क रोड के निर्माण कार्य सरपंच-सचिव द्वारा सेक्टर प्रभारी उपयंत्री के संरक्षण में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि सुदूर रोड पर एक वर्ष जेसीबी मशीन से मिट्टी डाली गई थी। और अभी जेसीबी मशीन से इस रोड का निर्माण कार्य किया गया है। मजदूर तो यहां कभी कम पर आते ही नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां के सरपंच सचिव फर्जी मजदूरों के नाम मास्टर रोल जारी कर सरकारी धनराशि ठिकाने लगा रहे हैं। इस काम में जनपद के जिम्मेदार अधिकारी उन्हें संरक्षण दे रहे हैं। जब लोगों से पूछा कि आज रविवार को इस सड़क पर ऑनलाइन मास्टर में 44 लोग काम कर रहे हैं, तो लोग हंसने लगे और बोले यहां एक दो मजदूर तो काम पर आती नहीं हैं, तो 44 कहां आएंगे। यहां पर सब फर्जी बड़ा किया जा रहा है

***मौके पर नजर नहीं हैं मजदूर-***

जब हमारी टीम ने रविवार को ग्राम पंचायत पिपरा बिलारी, मतोल खास एवं चौबारा में पहुंच कर देखा तो निर्माण कार्यों पर एक भी मजदूर काम पर नहीं दिखाई दिए। लेकिन ऑन लाइन मजदूर काम कर रहे थे। तब पता चला कि कागजों में ही मजदूरों को मजदूरी दी जा रही है। लेकिन मौके पर एक भी मजदूर काम पर मौजूद नहीं है। और प्रतिदिन मजदूरों के नाम फर्जी मास्टर रोल जारी किए जा रहे हैं। और जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के जिम्मेदार अधिकारियों अपनी कमीशन में मस्त हैं।

# कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने विकासखंड अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र का किया दौरा

## जल जीवन मिशन अंतर्गत योजनाओं की जानी हकीकत

परिहार गर्जना न्यूज। पलेरा। टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने पलेरा विकासखंड अंतर्गत आने वाली ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया। जानकारी के अनुसार रविवार के दिन अचानक टीकमगढ़ कलेक्टर पलेरा के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे। जहां शिकायतकर्ता द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को अवगत कराया गया था। इसी को लेकर टीकमगढ़ कलेक्टर के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया गया। जल जीवन मिशन अंतर्गत जमीनी हकीकत जानने के लिए ग्रामीणों से बात की। इस मौके पर योजनाओं के बारे में भी कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से बात की और हकीकत जानने की कोशिश की। टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने बताया पलेरा विकासखंड में हमारा पहला दौरा था। जल जीवन मिशन में पीएचई विभाग द्वारा जो ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना जो बनाई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा शिकायत की गई थी, इस शिकायत की आधार पर ग्रामीण क्षेत्र का द्वारा किया गया। जिसमें इटायली गांव, कछोरा गांव, मुरहा बाबा, मगरई गांव जैसी ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया गया है। कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने कहा की निरीक्षण के दौरान जहां शिकायत सही पाई गई और समय सीमा पर वहां काम नहीं किया गया, तो सभी के भुगतान रोक दिए जाएंगे, जहां नल जन योजना पेंडिंग पड़ी है, वहां समीक्षा की जा रही है। इस मौके पर जतारा एसडीम शैलेंद्र सिंह, तहसीलदार डॉक्टर अर्वतिका तिवारी, पीएचई विभाग सहित जनपद पंचायत के कर्मचारियों सहित ठेकेदार मौजूद रहे।



# देरी पुलिस ने किया साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम

## युवाओं को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ, किया जागरूक

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। मुख्यमंत्री मप्र शासन मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार टीकमगढ़ पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्र में साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा टीकमगढ़ जिले वासियों को नशा मुक्ति, साइबर अपराधों से सुरक्षा एवं बचाव, महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा हेतु अभियान में जन जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित करने के लिए समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में 01 मार्च 2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी देरी थाना खरगापुर उप निरीक्षक चंदन शाक्य द्वारा चौकी क्षेत्र में सह पुलिस स्टाफ के जाकर नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किए। उक्त कार्यक्रम में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई साथ ही साइबर अपराध क्या है व उनसे बचने के उपाय बताए गए। साइबर अपराधों से बचने हेतु आमजन को बताया गया की सबसे पहले लोगों को ये जानकारी होनी चाहिए की साइबर अपराध क्या है जैसे वर्तमान में डिजिटल अरेस्ट, वॉइस चेंजर, लोन, गेमिंग ऑनलाइन, प्लीकेशन, शेयर ट्रेडिंग, इनाम, महंगी चीजें सस्ते में देने का लालच, फेक फेसबुक, इंस्टा से रुपयों की मांग फर्जी अश्लील विडिओ काल आदि माध्यम से लोगों को कैसे डराकर फंसाया जा रहा है की जानकारी दी गई। इनसे बचने हेतु बताया गया कि 'डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं होता ये सब साइबर क्रिमिनल के हथकंडे है' जिनमें न फँसे एवं किसी भी प्रकार से कोई ओटीपी शेयर न करे । अनजान काल, लिंक को रीसीव एवं क्लिक न करे किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ब्लैक मेलिंग पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन साइबर सेल एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर इनफार्म करने तथा अपनी कोई भी पर्सनल एवं खाते सम्बन्धी जानकारी ऑनलाइन न देने हेतु बताया गया । महिला सुरक्षा हेतु आमजन से महिलाओं का सम्मान करने की अपील की गई एवं महिलाओं हेतु शासन द्वारा बनाए कानूनों से अवगत कराते हुए महिलाओं की सहायता हेतु जारी हेल्पलाइन 1030,1930, 100 की जानकारी एवं महत्वत्ता के बारे में बताया गया । टीकमगढ़ पुलिस द्वारा लगातार नशामुक्ति, महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।



# धूमधाम के साथ मनाया गया विधायक निर्मला सप्रे का जन्म दिवस

## सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने दी बधाइयां जगह-जगह हुआ स्वागत

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय एवं संघर्ष शील विधायक एडवोकेट श्रीमती निर्मला सप्रे जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से पूजा अर्चना के उपरांत दोपहर में विधायक ने क्षेत्र के नागरिकों से अपने कार्यालय में मुलाकात की जहां बड़ी संख्या में लोगों ने गुलदस्ता आदि भेट कर अपनी विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।




इस अवसर पर कई समर्थको ने विधायक कार्यालय में उनसे केक भी कटवाए और जन्मदिन की बधाइयां देते हुए उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।उसके उपरांत कुशवाहा समाज अध्यक्ष महेश कुशवाहा ने गायत्री यज्ञ कर के विधायक निर्मला सप्रे का जन्म दिवस मनाया और उन्हें बधाइयां दी। विधायक समर्थक राजा माधव राय ने सरकारी अस्पताल में फल और बिस्किट मरीजों को बटवा कर विधायक के दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। विधायक के जन्मदिवस पर पूरा शहर बैनरों और फ्लेक्सों से पाट दिया गया ऐसा पहली बार किसी विधायक के जन्म दिवस पर देखा गया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र की जनता ने अपनी विधायक का भावभीना स्वागत किया हो शाम के समय स्थानीय होटल रीजेंसी में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद सुरेंद्र सिंह राजपूत, वीरेंद्र भदोरिया, अजय सिंह ठाकुर,निक्की जैन आदि के तत्वाधान में विधायक निर्मला सप्रे का जोरदार स्वागत करते हुए जन्म दिवस मनाया गया इस अवसर पर ढोल धमाका के साथ विधायक की अगवानी की गई और और मंच पर से जन्मदिन का विशाल केक कटवाया गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ता एवं नागरिकों के साथ सहभोज का आयोजन भी किया गया इस ऐतिहासिक आयोजन में बीना ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी अपने कई समर्थकों के साथ होटल रीजेंसी बीना विधायक का जन्म दिवस मनाने पहुंचे और उन्होंने भी विधायक का केक कटवाया और उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय ठाकुर खिमलासा मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह ठाकुर मंडी बामोरा मंडल अध्यक्ष राहुल पटेल एवं भानगढ़ मंडल अध्यक्ष यादव अंकित पंथी अजवीर ठाकुर सतीश पटेल सहित भाजपा के पूर्व एवं वर्तमान के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। उसके अलावा मंडी बामोरा खुरई भानगढ़ खिमलासा एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने विधायक को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। विधायक की जन्मदिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

***विधायक ने जताया आभार***

बीना विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे ने अपनेजन्म दिवस को आन बान शान के साथ मनाने वाले सभी समर्थकों एवं आम जनता का आभार जताते हुए कहा कि आप सभी ने जो मुझ में विश्वास व्यक्त किया है और अपनी इस बेटी को बधाई दी है इसके लिए मैं हृदय तल तक आप सभी की आभारी हूं उन्होंने कहा कि बीना का चहुंमुखी विकास ही मेरा एकमात्र संकल्प है और मैं अपने छोटे से कार्यकाल में पूरा प्रयास किया है कि विकास को प्राथमिकता दूं और क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुलझाने में अपना सर्वस्व लगा दूं।आज जन्म दिवस के आयोजन को देखकर मुझे लगा है कि वाकई क्षेत्र की जनता का स्नेह और आशीर्वाद मेरे साथ है इसे आप हमेशा कायम रखे।

# वर्तमान में महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना बहुत जरूरी है- न्यायाधीश मीनाक्षी शर्मा

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/सागर जिले के बीना विकासखंड में आवाज मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि न्यायाधीश मीनाक्षी शर्मा जुडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। आवाज की जिला समन्वयक द्वारा पौधा एवं किशोरी बालिकाओं द्वारा तैयार किए गए गोबर शिल्प से बने मोमेंटो भेंट कर उनका स्वागत किया गया ,प्रशिक्षक के रूप में शामिल श्री प्रदीप पटेल को पौधा भेंट कर उनका भी स्वागत किया गया उनके सहयोगी लव कुमार पटेल को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। आवाज की जिला समन्वयक मालती पटेल द्वारा प्रशिक्षण आयोजन के उद्देश्य एवं संकल्पना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं बालिकाओं द्वारा तीन दिवस में तैयार किए गए गोबर की कलाकृतियां को दिखाया गया, महोदय द्वारा




अपने उद्बोधन में महिलाओं एवं बालिकाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होना बहुत ही आवश्यक है न्यायाधीश महोदय ने आवाज के द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण के आयोजन की सराहना की एवं इस तरह के प्रशिक्षण से बालिकाओं के हाथ में विश्वास को बढ़ावा मिलता है एवं उनमें स्वनिर्णय लेने की क्षमता भी विकसित होती है आगामी समय में इस तरह के प्रशिक्षण बालिकाओं के साथ होते रहना चाहिए। उन्होंने न्यायालय में महिलाओं संबंधी प्रकरणों के अपने अनुभव शेयर किए कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं उनके द्वारा तैयार की गई सामग्री वितरण की गई, आवाज की जिला समन्वयक द्वारा अतिथि एवं प्रशिक्षक का आभार व्यक्त कर , सभी शामिल किशोरी बालिकाओं को शुभकामनाएं के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में टीम सदस्य अंकित सेन,सुनीता पटेल, दीपक अहिरवार, श्री राम कुशवाहा, मनीष दांगी एवं ग्राम पंचायत देवल देहरी एवं बेलई से किशोरी बालिकाएं शामिल रही जिसमें मुख्य भूमिका में संध्या लोधी, नंदिनी कुशवाहा, प्रियंका बंसल, अंशु कुर्मी रही।

# निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पहुंची विधायक निर्मला सप्रे

## कहा ऐसे शब्दों से आम जनता को मिलती है राहत

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना में अंजनी समर्थ केंद्र द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमें फिजियोथैरेपी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का निराकरण संबंधित चिकित्सकों द्वारा किया गया। शिविर में फिजियो की समस्या से जूझ रहे कई मरीज शामिल हुए इसके अलावा अन्य बीमारियों से संबंधित भी जांच की गई इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे ने अंजनी समर्थ केंद्र के द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर को एक अनुकरणीय पहल बताया उन्होंने कहा कि ऐसे शिवरों के माध्यम से लोगों को अपनी शारीरिक बीमारियों के बारे में पता चलता है और उसका उचित निराकरण वे समय पर कर सकते हैं उन्होंने संबंधित संस्था के पदाधिकारी को और स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियो को बधाइयां और आभार व्यक्त करते हुए कहा की निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करके वे आम जनता को स्वस्थ ताकि प्रति जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# उज्जैन से चलकर बीना आई ज्योति कलश यात्रा

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/दिनांक 28-02-25 को उज्जैन से चलकर बीना आई ज्योति कलश यात्रा का विवार बीना से प्रस्थान हुआ।ज्योति कलश यात्रा विगत दिवसो मे बिहरना, किर्रावदा, नाही, हिरंछिपा और वारधा होते हुये रविवार को खुरई की ओर प्रस्थान किया फिर इसी तरह सागर जिले की यात्रा पूर्ण कर हरिद्वार पहुंचेगी।यात्रा के दौरान श्री गायत्री यज्ञ एवं दीप यज्ञो के माध्यम से स्वावलंबन ,व्यसनमुक्ति ,ग्राम निर्माण ,युवा परिष्कार आदि का संदेश विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो तक पहुचाया गया। मध्य प्रदेश के हर जिले के हर ब्लॉक तक, हर गाँव, हर घर तक गायत्री परिवार का संदेश इनके माध्यम से पहुँचाया जा सकेगा।आगत नवसंवत्सर तक यह गायत्री परिवार द्वारा नूतनता का संचार करेगा। और सभी मे नये उत्साह को धारण कर नूतन ऊर्जा, नूतन भाव एवं नूतन संकल्प के साथ कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करेगा।कार्यक्रम मे सभी गायत्री परिजन उपस्थित रहे।





# पत्रकार प्रभात सोनी के भतीजे का बड़ी धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

परिहार गर्जना न्यूज। कर्री। छतरपुर जिले के कर्री गांव निवासी पत्रकार प्रभात सोनी के भतीजे सार्थक सोनी चिंटू का चौथा जन्मदिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया सार्थक के पिता शिवम् सोनी और मां श्रीमती संतोषी सोनी ने अपने बेटे चिंटू के चौथे जन्मदिवस को खास बनाने के लिए एक अनोखी पहल की और अनाथ बच्चों को दीन हीन गरीब लोगों को फल मिठाई बांटकर खुशियां देने का प्रयास किया सर्वप्रथम गांव के ही प्रसिद्ध बिहारी जी मंदिर में जाकर मत्था टेका और भगवान का आशीर्वाद लिया घर के बड़े बुजुर्गो के साथ मंदिर के पुजारी महाराज का आशीर्वाद लिया और धार्मिक आयोजन के साथ में पूजा अर्चना करके सुन्दरकाण्ड का पाठ कराते हुए सांस्कृतिक और धार्मिक तरीके से बेटे का जन्मदिन मनाया गया है ।।

# राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने ग्राम वन समितियों को खाना बनाने की सामग्री और स्कूली छात्रों को किये बेग वितरित

## एक पौधा माँ के नाम किया रोपित, वन समितियों के कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यमंत्री श्री लोधी, तेजगढ़ में हुआ कार्यक्रम संपन्न




**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 02 मार्च। वनों के संरक्षण एवं विकास हेतु जन-सहयोग प्राप्त करने के लिये राज्य शासन के काष्ठ के विदोहन से प्राप्त होने वाली काष्ठ की बिक्री से प्राप्त राजस्व की 20 प्रतिशत राशि संयुक्त वन प्रबंधन समिति को देने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया। इसी तारतम्य में वन परिक्षेत्र तेजगढ़ परिसर (सामान्य वन मंडल दमोह) में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मां सरस्वती का पूजन एवं उनके समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। राज्यमंत्री श्री लोधी का स्वागत वन मंडलाधिकारी ईश्वर जरांडे ने किया।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए एवं ग्राम वन समितियों को खाना बनाने की सामग्री एवं स्कूली बच्चों को बैग वितरित किये, इसके पश्चात एक पेड़ माँ के नाम का पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान वनमंडलाधिकारी दमोह ने 20 प्रतिशत राशि लाभांश के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर परिक्षेत्र तेजगढ़ में 20 प्रतिशत लाभांश राशि से ग्राम वन समिति हरदुआ, सांगा, गोरखा, करनपुरा, करौंदी, वंशीपुर, समदई, पटेरिया में ग्राम वन समितियों को खाना बनाने की सामग्री एवं ग्राम वन समिति, गुबरा, घुटरिया, गिदरा, मोहड़ में स्कूली बच्चों को बैग का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन भारत सिंह लोधी ने किया एवं सभी का आभार वन परिक्षेत्र अधिकारी तेजगढ़ नीरज पाण्डेय ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर संग्राम सिंह लोधी, भारत सिंह लोधी एवं बेड़ी सिंह सदर, हरिसिंह यादव, प्रेम सिंह, भोजराज जैन, ऋषि दीक्षित, डॉ. अनूप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नेपाल सिंह, राजू दुबे, राजीव बड़ेराय, वेदपाल सिंह, गुलाब सिंह, राजा गुबरा, इन्द्रिय सिंह, देवेंद्र मालगुजार, अखिलेश लोधी, नन्हे भाई, नारायण सिंह, बबलू ठाकुर, खिलान सिंह, नितिन बड़ेराय, शिवम सोनी, सुनील शाह, विनंजय जैन, अनिल विश्वकर्मा, अनिल जैन एवं वन विभाग एवं पुलिस विभाग से उप वन मंडल अधिकारी तेन्दूखेड़ा प्रतीक कुमार दुबे, वन परिक्षेत्र अधिकारी, तेजगढ़ (सामान्य) थाना प्रभारी तेजगढ़ नीरज कुमार पाण्डेय, अभिषेक पटेल, परिक्षेत्र सहायक अर्जुन सिंह मरकाम, चंद्रनारायण चौबे, नेकनारायण खरे, शेख मुख्तार, अय्युब खान, सुनील सेन, वनरक्षक श्री विनोद जैन, मुकेश नामदेव, ललित सुमन, दिनेश गौंड़, सत्यम नायक, हरीश तेकाम, राममनोहर यादव, कृष्ण कुमार अहिरवाल, अरविंद खरे, रवीन्द्र रैकवार, झलकन साहू एवं तेजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण एवं ग्राम वन समिति के अध्यक्ष/सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत में विद्युत व जलकर के प्रकरणों मे मिलेगी छूट

दमोह 02 मार्च। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जायेगा। साथ ही नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल., विद्युत की बकाया वसूली एवं नगर पालिका से संबंधित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जायेगा।

व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड /सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया उक्त नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा, सुलह, समझाईश से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा, नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 05 किलोवॉट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रीलिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत छूट एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। आयोजित होने वाली लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आंकलित सिविल दायित्व राशि रूपये 10,00,000 रूपये तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी।

नेशनल लोक अदालत हेतु नगरीय विकास विभाग द्वारा जलकर, सम्पत्ति कर के प्रकरणों में छूट प्रदान किये जाने के संबंध में आदेश जारी किये है, जिसके अनुसार सम्पत्ति कर एवं अधिभार की बकाया राशि 50000 रूपये, 50000 से 100000 रूपये एवं 100000 रूपये से अधिक होने पर अधिभार में क्रमशः 100 प्रतिशत, 50 प्रतिशत एवं 25 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। साथ ही जलकर के मामलों में जलकर एवं अधिभार की बकाया राशि 10000 रूपये तक, 10000 से 50000 रूपये एवं 50000 रूपये से अधिक होने पर अधिभार में क्रमशः 100 प्रतिशत, 75/- एवं 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। उक्त छूट मात्र एक बार ही प्राप्त हो सकेगी एवं वर्ष 2023-24 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। छूट उपरांत राशि अधिकतम दो किश्तों में जमा करनी होगी तथा 50 प्रतिशत राशि नेशनल लोक अदालत के दिन जमा करना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार नेशनल लोक अदालत में बैंकों एवं बी.एस.एन.एल. द्वारा वसूली से संबंधित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार छूट प्रदान की जा रही है। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने समस्त पक्षकारों से अपील की गई है कि वे नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण कराये तथा विद्युत विभाग, बैंक, बीएसएनएल, नगरपालिका द्वारा दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करें।

# अजबधाम वार्षिक महोत्सव पूर्णाहूति में शामिल हुए मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, परिवार के साथ पूजा अर्चना की



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 02 मार्च। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण, श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल शनिवार रात अजब धाम पहुंचे। अजबधाम में दर्शन और रात्रि विश्राम के बाद आज रविवार सुबह जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव की पूर्णाहूति में शामिल हुए।

मंत्री श्री पटेल ने अपने परिवार के साथ जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव में 27 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ में सह-परिवार हवन-पूजन, आरती कर यज्ञशाला की परिक्रमा की और धर्म लाभ अर्जित किया।

# अजब धाम में ऐसे ही धार्मिक आयोजन समय-समय पर होते रहे जिससे लोगों में धर्म के प्रति आस्था बनी रहे-राज्यमंत्री श्री पटेल

## अजब धाम वार्षिक महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यमंत्री श्री पटेल और दमोह सांसद श्री सिंह



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 02 मार्च। अजब धाम में चल रहे जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव का आज श्री सीताराम महायज्ञ पूर्णाहूति के साथ समापन किया गया। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल और दमोह सांसद श्री राहुल सिंह लोधी अजब धाम पहुंचकर जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव की पूर्णाहूति में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा श्री सीताराम महायज्ञ 20 फरवरी से चालू हुआ था 2 मार्च को इसका समापन हुआ है, पूरे क्षेत्र का माहौल धार्मिक बना रहा, आयोजन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे है और धार्मिक आयोजनों का लाभ भी लिया हैं। यहां पर ऐसे ही धार्मिक आयोजन समय-समय पर होते रहे जिससे लोगों में धर्म के प्रति आस्था बनी रहे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान हटा विधायक उमादेवी खटीक, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, अरुण तिवारी, शिवचरण पटेल, गोपाल पटेल, लक्ष्मण तिवारी, शैलेश पटेल, राघवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न हो प्लान किया जा रहा है-कलेक्टर श्री कोचर

## ट्रेंचिंग ग्राउंड का लिया जायजा

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने आज बाईपास के पास बने ट्रेंचिंग ग्राउंड का जायजा लिया और नगर पालिका को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण करके यहां की व्यवस्थाओं को सीएमओ नगर पालिका के साथ देखा है, कचरा बड़ी मात्रा में यहां पर आ रहा है, इसके लिए प्लान किया जा रहा हैं, एन.जी.टी.की गाइडलाइन का उल्लंघन भी ना हो, लोगों को भी किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए यहां पर प्लानिंग करना बहुत जरूरी है, ताकि यहां पर कचरे में आग ना लगे, कचरा अनावश्यक रूप से यहां-वहां पड़ा ना रहे, लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न हो, इस दृष्टि से प्लान किया है और जल्द ही इसके इंप्लीमेंटेशन की और आगे बढ़ेंगे।



# जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय बना भ्रष्टाचार कार्यालय

**-नियम विरुद्ध प्रबंध समिति की मान्यता प्रदान करने वाली शिकायतों का लगा अंबार**

**-मान्यता प्रदान करने के खेल में शामिल पटल सहायक नहीं होने देता जांच**

**-पूर्व में एक पटल सहायक पर हाई कोर्ट ने की थी कार्यवाही उसकी नहीं हो सकती थी भविष्य में स्न्द्वश्वह ऑफिस में तैनाती**

आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। मथुरा में शिक्षा विभाग का विवादों से गहरा नाता रहा है पूर्व में अनेकों जिला विद्यालय निरीक्षक रिश्वत लेते पकड़े गए और लिपिक भी। लेकिन सुधार कोई भी सरकार नहीं पाई। पूर्व में कुछ जिलाधिकारी कड़क आर जो लगातार अचानक डीआईओएस ओर बी एस ए ऑफिस का निरीक्षण किया करते थे। अधिकारी कर्मचारी सतर्क रहते थे। वर्तमान में इन दिनों ऑफिस में राम राज्य चल रहा है न कोई देखने वाला, न कोई सुनने वाला मजे की बात यह है कि दोनों ही ऑफिस अन्य सरकारी ऑफिस से अलग बने हुए हैं जिस कारण कोई देखने वाला नहीं है।

वैसे तो शिक्षा विभाग नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए खुद नैतिकता भूल चुका हैं यही कारण हैं कि जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय अपने विभागीय उच्च अधिकारियों के आदेशो को भी मानने को तैयार नहीं हैं उन आदेशों को पटल सहायक दबाए बैठे रहते हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय में मोटा खेल एडेड माध्यमिक विद्यालयों की प्रबंध समितियो की मान्यता प्रदान करने में खेला जाता है जिसमें मान्यता प्रदान करने के दौरान पटल सहायक बोली लगाते हैं जो मोटी उगाही दे देता है मान्यता प्रदान कर दी जाती हैं। जिसमें नियमों शासनादेशों की पूरी अनदेखी की जाती है सूत्र बताते हैं कि




हिस्सा ऊपर तक जाता हैं। जिस कारण शिकायतों होने पर पटल सहायक उन विद्यालयों के प्रबंधकों को बुलाकर सेटिंग कर दबा लेते है बाबू इतने कलाकार हैं कि फर्जी प्रबंध समिति तैयार करवाकर उसे प्रबंधक के हस्ताक्षर प्रमाणित करवा देते है असल कारण है कि नियुक्तियों के नाम पर होने वाली ऊपरी कमाई का लालच। वर्तमान में अनेकों प्रबंध समिति के अनेकों विवाद में उच्च न्यायालय सही प्रबंध समिति के पक्ष में निर्णय दिए जिसमें जवाहर इंटर कॉलेज ओल आदि थे।

इसी प्रकार सुरीर स्थित एक विद्यालय कीअसल प्रबंध समिति के स्थान पर फर्जी प्रबंध समिति को मान्यता प्रदान कर दी डॉ दिनेश गुप्ता ने इस संबंध में अनेकों शिकायती पत्र पर उच्च अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय में तैनात एक बाबू जो प्रबंध समिति मान्यता पटल सहायक है दबा देता है। दूसरा मामला इसी प्रकार जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा की अस्तित्व विहीन विद्यालय प्रबंध समिति को नियम विरुद्ध प्रबंध समिति मान्यता प्रदान करने में अगस्त 24 में शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता मोहर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई उच्चाधिकारियों ने तमाम पत्र लिखे लेकिन वह सभी दबा दिए।

सयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा आर पी शर्मा ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय मेरे नियंत्रण से बाहर हो रहा है वाह तैनात पटल सहायक मेरे आदेशो को नहीं मान रही है व्यक्तिगत रूप से पटल बाबुओं को फोन कर निर्देशों देने पर भी हा हा करते हैं मुझे लोगों ने बताया कि उस कार्यालय में एक पटल सहायक जिसके संबंध मे हाई कोर्ट का आदेश है कि वह मथुरा के अंदर भविष्य में तैनाती न किया जाए विशेष तौर से जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय में। जहां तक प्रबंध समिति मान्यता विवाद की बात है अब इसकी जांच उप शिक्षा निदेशक आगरा को करने के आदेश मेरे द्वारा प्रदान कर दिए गए हैं जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर उन प्रबंधकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

# ब्रज प्रेस क्लब का होली मिलन महोत्सव धूमधाम से मना

## विधायक, अधिकारी, पूर्व मंत्री थिरके, होली की मस्ती में नजर आये ब्रज के गणमान्य

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। ब्रज प्रेस क्लब एवं सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (सिम्स हॉस्पीटल) द्वारा आयोजित होली मिलन महोत्सव का कार्यक्रम डेंपीयर नगर स्थित होटल हीरा क्रिस्टल के सभागार में धूमधाम से मनाया गया। होली के मस्ती भरे गीत-संगीत पर पूर्व मंत्री, विधायक, अधिकारी एवं गणमान्य भाव विभोर होकर होली की मस्ती में झूमते नजर आए।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं विधायक श्रीकान्त शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर के किया। इस अवसर पर ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकान्त उपमन्यु एडवोकेट एवं सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (सिम्स हॉस्पीटल) के चैयरमैन डा. गौरव भारद्वाज द्वारा महोत्सव में पधारे सभी गणमान्य अतिथियों का पटुका



पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सुस्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव पवन नवरत्न एवं गोविन्द भारद्वाज द्वारा किया गया। ब्रज की प्रसिद्ध दानीराम शर्मा की रास एवं भजन संगीत मंडली द्वारा ठाकुरजी स्वरूप में ठाकुरजी की होली पुष्प वर्षा के साथ खेली गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एएस वाजपेयी के स्वर्गगमन पर दो मिनट का मौन रखकर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। डा.पंकज शर्मा, डा. पंकज चौधरी, डा.शिखा, डा. सारिका, डा.दिशा, डा. आशीष शर्मा, डा. अर्पित अग्रवाल ने कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्यों का स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, पूर्व ऊर्जा राज्यमंत्री रविकान्त गर्ग, विधायक पूरन प्रकाश, विधायक ठा.मेघश्याम सिंह, विधायक राजेश चौधरी, जिले के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, डीआईजी/एसएसपी शैलेन्द्र कुमार पांडेय, एसपी सिटी डा. अरविन्द कुमार, एसपी ट्रेफिक मनोज कुमार यादव, पूर्व जिला जज उमाशंकर शर्मा, एमबीडीए के सचिव अरविन्द द्विवेदी, सीओ सिटी भूषण वर्मा, एआरटीओ मनोज वर्मा, महिला थाना प्रभारी संचना सचान, एंटी रोमियो प्रभारी अलका रानी, बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता नंद किशोर उपमन्यु, अजय सिंह एडवोकेट, सार्थक चतुर्वेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम सिंह, रालोद नेता कुं. नरेन्द्र सिंह, ठा.मुकेश सिंह सिकरवार, योगश द्विवेदी, स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु एडवोकेट, विशेष लोक अभियोजक रामपाल सिंह, एडीजीसी खंडग सिंह छौंकर, पूर्व एडीजीसी महेश गौतम, छाया गौतम, प्रतिभा सिंह, भावना शर्मा, रागिनी गांधी, पिंकी द्विवेदी, ममता भारद्वाज, चंद्रकांता भदौरिया, संगीता शर्मा, बबिता सिंह सिसौदिया, दीपा चतुर्वेदी, पूजा कौशिक, विदुषी शर्मा, सरोज वशिष्ठ, सरोज गोला, चंचल यादव, कनक गुप्ता, रेखा यादव, छीतर सिंह एडवोकेट, पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सचिव शिव कुमार लवानियां, डीजीसी क्राइम ठा. शिवराम सिंह तरकर, समाजसेवी देवेन्द्र कुमार गौतम गुड्डू भैया, प्रमोद गर्ग कसेरे, विनोद गर्ग कसेरे, डा. अशोक अग्रवाल, मनोज कुमार शर्मा बॉबी भैया, जिला भाजपायुवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष यज्ञदत्त कौशिक, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव पवन हिंडोल, आरएसएस के अधिकारी कमल कौशिक, स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु एडवोकेट, पीएम मोदी अगेन मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल काका, दिनेश शर्मा, भाजपा नेता संजय गोविल आदि गणमान्य होली के संगीत पर झूमते नजर आए। इस अवसर पर किशन चतुर्वेदी, अमित मुद्गल, विनीत शर्मा, दिलीप चतुर्वेदी, पवन नवरत्न, कन्हैया अग्रवाल, धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, मदन गोपाल शर्मा, मोहन श्याम रावत, ठा. नागेन्द्र राठौर, गौरव चौधरी, धाराजीत सारस्वत, सूचना विभाग के नारायण सिंह, गिरधर पचौरी, महेश सिंह, चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार आदि ने सभी का स्वागत एवं आभार प्रकट किया।

# टीचर्स पढ़ाना छोड़ बनाती हैं रील

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। शहर के मध्य घनी आबादी में संचालित जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज का विवादों से गहरा नाता बना हुआ हैं इस कॉलेज में टीचर्स पढ़ाना छोड़ स्कूल के अंदर रिल बनाती हैं इसकी शिकायत हुई तो जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा ने सीधे कोई कार्यवाही न कर उस कॉलेज की प्रिंसिपल के अति निकट के व्यक्ति को जांच सौंप दी जिससे प्रकरण पर लीपापोती कर दी जाए। शिकायतकर्ता के शिकायत पत्र के मुताबिक उक्त विद्यालय में टीचर्स पढ़ाना छोड़ कॉलेज के अंदर वीडियो बनाकर रिल बच्चों से बनवाती है इसका खुलासा तब हुआ जब एक बच्चे के अभिभावक ने इस संबंध मे उच्च अधिकारी को लिखित में शिकायत दर्ज कराई ओर कार्यवाही करने के लिए



जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा को प्रेषित कर दी। जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय भी कम नहीं निकला कार्यालय ने भी उस कॉलेज की प्रिंसिपल के मेलजोल वाले व्यक्ति को जांच अधिकारी बना दिया जिससे पूरे प्रकरण पर लीपापोती कर दी जाए। मालूम हो कि एडेड माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 1से 8 तक किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता है लेकिन इस कॉलेज में उक्त क्लास के बच्चे से लिया जाता है यदि कोई निष्पक्ष अधिकारी इन क्लास के बच्चे के अभिभावकों से गोपनीय रूप से फोन मिलकर पूछ लें तो इसका भी खुलासा हो जाएगा इस विद्यालय में सुविधा के नाम पर बच्चों के लिए फ़नीचर भी उपलब्ध नहीं हैं।

# बरसाना में वर्षो पुरानी लड्डू मार होली की परम्परा में प्रशासन के आग्रह पर हुआ बदलाव

## लड्डू मार होली की वर्षों पुरानी परंपरा में हुआ बदलाव मंदिर में आने वाले भक्तों पर नहीं फेंकेंगे लड्डू इस बार

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। विश्व में विख्यात बरसाने की होली में लठ्ठ मार और लड्डू मार होली की परमार आदिकाल से चली आ रही है, इस बार प्रशासन के आग्रह के बाद इस परंपरा में बदलाव किया जा रहा है। अब तक मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं पर लड्डू की बरसात होती थी,जिसे देखने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं, लेकिन इस बार लड्डू होली थोड़ी अलग होने वाली है, दरअसल, बरसाना में लड्डू होली राधा रानी मंदिर में खेली खेली जाएगी, मंदिर के बाहर लड्डू लुटाने पर पाबंदी लगाई गई है, शनिवार शाम



को यह फैसला पुलिस और मंदिर के सेवायतों की बैठक में लिया गया है।

इस लड्डूमार होली की परंपरा कई वर्षो से चली आ रही है, पौराणिक कथाओं के अनुसार, द्वापर युग में राधा रानी के पिता के होली के निमंत्रण को नंद बाबा ने स्वीकार किया था, जिसके बाद नंद बाबा ने पुरोहितों के हाथों स्वीकृति पत्र भेजा था, इन पुरोहितों का स्वागत सत्कार करते वक्त लड्डू भी खाने को दिए गए थे, तभी बरसाना की गोपियां गुलाल लगाने लगी तो पुरोहितों ने उन लड्डूओं की बारिश कर दी और यहीं से लड्डूमार होली की परंपरा की शुरुआत हो गई और इसी परंपरा को बरसाना और नंदगांव के लोग आज भी निभा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल शनिवार शाम को सेवायतों के बीच पहुंचे, उन्होंने लड्डू होली पर मंदिर परिसर के बाहर लड्डू न लुटाने की बात कही, लड्डू को मंदिर में ही बांटने की बात कही है. जिस पर सभी सेवायतों ने सहमति दे दी, इस बार लड्डू होली सात मार्च को है. लड्डू सिर्फ मंदिर के अंदर समाज गायन के दौरान ही लुटाए जाएंगे किसी श्रद्धालु को लड्डू नहीं लुटाने दिया जाएगा।

दरअसल पिछली बार लड्डू होली पर मंदिर के बाहर सफेद छतरी पर लड्डू लुटाने के दौरान मंदिर की सीढ़ियों की रेलिंग टूट गई थी. इस घटना में कई श्रद्धालु घायल हो गए थे, ऐसा दोबारा न हो इसे लेकर मंदिर के सेवायतों से बात की. फैसला लिया गया कि लड्डू होली पर सफेद छतरी के पास इस बार लड्डू नहीं लुटाए जाएंगे, लड्डू सिर्फ मंदिर में समाज गायन के दौरान ही लुटाए जाएंगे, किसी श्रद्धालु को लड्डू नहीं लुटाने दिया जाएगा, लड्डू सिर्फ प्रसाद के रूप में बांटे जा सकते हैं।

# सामुदायिक शौचालय में ताले लगाकर स्वच्छ भारत अभियान को पलीता लगा रहे तालगांव सरपंच







**वरुण अरजरिया**

परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर/राजनगर जनपद की ग्राम पंचायत तालगांव में लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी शोपीस बना सार्वजनिक शौचालय ग्रामीणों ने बताया कि सामुदायिक स्वच्छता परिसर के सार्वजनिक शौचालय में ताला बंद रहता है कभी नहीं खुलता है महिलाएं खुले में शौंच जाने के लिए मजबूर हैं देश के प्रधानमंत्री भले ही स्वच्छ भारत का डिंडोरा पीटते फिरते हो बड़े बड़े भाषण देते हो अभी हाल ही में बागेश्वर धाम कैंसर अस्पताल का शिलान्यास करने आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने भाषण में मंच से कहा था कि हमने शौचालय बनवाए हैं जिससे लोग खुले में शौच नहीं जाएंगे तो गंदगी नहीं फैलेगी और गंदगी नहीं फैलेगी तो बीमारियों से बचाव होगा हमारा स्वस्थ्य शरीर ही हमारी सबसे बड़ी दौलत है मगर अधिकारी और कर्मचारी आंखों में पट्टी बांधकर मूकदर्शक बने तमाशा देखते रहते हैं ऐसे लापरवाह और जिम्मेदारों पर कोई कार्यवाही नहीं करते बस मामला संज्ञान में आने पर शिकवा शिकायतें होने पर खानापूर्ति करके मामले को ले देकर आपस में निपटा लेते हैं अब देखना होगा मीडिया के द्वारा मामला उजागर होने पर ईमानदार जिला कलेक्टर और जिला सीईओ संबंधित सरपंच सचिव पर क्या कार्यवाही करते हैं ।।

# थाना सरवई पुलिस ने 9 साल पुराने अवैध शराब प्रकरण के 4000 के इनामी बारंटी को जिला बांदा उ.प्र. से किया गिरफ्तार

**राममिलन घोष**

परिहार गर्जना न्यूज। सरवई। छतरपुर पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत फरार इनामी बदमाश वांछित अपराधी एवं स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी निरंतर की जा रही है थाना सरवई के वर्ष 2016 के अवैध शराब के प्रकरण का आरोपी रामदयाल पटेल पिता विनोद कुमार पटेल निवासी ग्राम बघेला बारी थाना फतेहगंज जिला बांदा उत्तर प्रदेश फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु वर्ष 2023 में स्थाई वारंट जारी किया गया था।




पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा स्थाई वारंटीयों की गिरफ्तारी हेतु लंबित स्थाई वारंटी (न्यायालय द्वारा जारी तिथि) जो माह दिसंबर 2012 से पूर्व के हैं, उन पर 10000, वर्ष 2013 से 2017 तक 8000, वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक 7000, माह जनवरी वर्ष 2023 से माह दिसंबर वर्ष 2023 तक 4000 एवं 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक 2000 जारी स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी हेतु इनाम की उद्घोषणा की गई है। थाना सरवई पुलिस ने उक्त प्रकरण के फरार स्थाई वारंटी 4000 रुपये के इनामी आरोपी रामदयाल पटेल को जिला बांदा उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया। वारंटी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सरवई उपनिरीक्षक अतुल कुमार झा, प्रधान आरक्षक शिव स्वरूप त्रिपाठी, आरक्षक अमित राजपूत, आरक्षक राम नरेश खन्ना, आरक्षक राम प्रताप कुशवाह, आरक्षक रोहित घोषी, साइबर से आरक्षक विजय की भूमिका रही।

# विकास में कोई कसर नही छोड़ेंगे- ललिता यादव

## धमौरा और गौरगांय में विधायक ने दी 38 लाख की सौगात

***छतरपुर। विधायक श्रीमती ललिता यादव ने आज छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धमौरा और गौरगांय में करीब 38 लाख रुपए की लागत से 4 विकास कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के विकास में कोई कसर नही छोड़ेगी।***

विधायक श्रीमती ललिता यादव ने ग्राम धमौरा के यादव मोहल्ला में 5 लाख की राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन और 6.25 लाख से निर्मित होने वाली कारक देव मंदिर की बाउण्ड्रीवाल, माता मंदिर में 8.77 लाख रुपए की लागत से टीनशेड निर्माण के लिए सरपंच हल्की बाई मलखा सिंह यादव इसके साथ ही ग्राम पंचायत गौरगांय में भी उन्होंनें 17.53 लाख से हाईस्कूल की बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य का सरपंच कन्हैयालाल अहिरवार तथा धर्मजीत यादव की मौजूदगी में वैदिक रीति-रिवाज से भूमि-पूजन किया।



छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि वे पूरे विधानसभा क्षेत्र का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। वे शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही सड़क, नाली और अन्य विकासकार्यो को कराने में क्षेत्र के लोगों की राय के अनुसार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अंतिम छोर तक के व्यक्ति के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ काम कर रही है। उन्होंने सरकार की विभिन्न कल्याणारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणो से उनका लाभ उठाने की अपील की तथा कहा कि यदि किसी भी तरह की परेशानी हो तो वे उनसे किसी भी समय मिल सकते है।

इसके पहले धमौरा और गौरगांय पंचायत में पहुंचने पर सरपंच,सचिव भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच हल्की बाई यादव, हरलाल यादव, जयराम यादव, विश्वनाथ यादव, टंटू श्रीवास, रामप्रसाद कुशवाहा, राममिलन यादव, लल्लू यादव, कल्लू अहिरवार, अनिल अहिरवार, अवध किशोर यादव, घनश्याम, प्रवीण तिवारी, छविलाल साहू, मुकेश टुरैया, पंकज रावत मंडल अध्यक्ष, नीरज मिश्रा, रानू दादा, शबलू राजा ललौनी, लक्ष्मण यादव सरपंच धामची, भूपेंद्र यादव, भोलू यादव, अरविंद यादव, दिनेश यादव, नत्थु यादव हरदौल, रघुनाथ शर्मा, पवन अवस्थी सरपंच मलपुरा, छोटू राजा, विनोद पटेल, बराचयखेरा, मातादीन माली, धमौरा, नसीम खांन, नरेन्द्र यादव, अजय यादव, पुजारी बब्बा, शिवराम यादव, कूरे रैकवार, दिनेश यादव धमौरा, प्रीतम यादव सरपंच बरकौंहा, कार्तिक दुबे, मोहन यादव, लवकुश, महेश रिछारिया, गिरजा राजपूत, अखिलेश चतुर्वेदी, ब्यारेलाल श्रीवास, कन्हैया लाल अहिरवार सरपंच, मुकेश सक्सेना, धर्मजीत यादव, चतुरेश श्रीवास पूर्व सरपंच, खजियां अहिरवार, दीपक यादव, शिवराम यादव, किरण, नीलम, अमित चतुर्वेदी, देवेन्द्र साहू, उमेश यादव पटवारी, पुष्पकार असाटी, लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी, दिनेश यादव, बृजभान राजपूत, अनुज मामा, शिवाजी परमार सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# सिविल लाइन पुलिस ने कराई गुंडों की परेड



छतरपुर। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते रोज जिला मुख्यालय के सिविल लाइन थाना में दो दर्जन से अधिक गुंडों की परेड कराई गई। थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना क्षेत्र के 27 गुंडों, आपराधिक गतिविधियों में लिप्त आरोपियों और निगरानीशुदा बदमाशों को थाने में बुलाकर उनकी परेड कराई और अपराध से दूर रहने की समझाइश दी गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# नियम कानून सिखाने वाले ...

प्रथम पृष्ठ का शेष-

ही मोबाइलों से इस प्रकार के वीडियो इंटरनेट मीडिया में अपलोड करते है तो उनके इस कृत्य से समूचे विभाग की छवि धूमिल होती है वहीं धरमपुर थाना समूचे पन्ना जिले के थानों की अपेक्षा में अतिसंवेदशील थानों में आता है क्योंकि यह दो राज्यों के बीच का थाना है। उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश की सीमा के बीच बने थाने में आपराधिक गतिविधियां अत्याधिक रहती है और ऐसे में पुलिसकर्मी पुलिस थानों के अंदर ऐसे कृत्य करेंगे तो आपात स्थिति में कैसे लोगो की मदद कर पायेगें। ऐसे ही सब बातों को देखते हुये प्राथमिक तौर पर लाइन अटैच की कार्यवाही की गई है, लेकिन अब देखना यह है कि जांच के बाद और किस किस पर कार्यवाही होती है ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुर्नवृत्ति जिले के किसी भी थाने से सामनें निकलकर न आये।

# संपादक श्याम किशोर अग्रवाल के बड़े भाई का निधन, अंतिम संस्कार आज

छतरपुर। दैनिक शुभ भारत के संपादक श्याम किशोर अग्रवाल के बड़े भाई कृष्ण किशोर उर्फ राधेश्याम का आज रविवार की रात करीब साढ़े 8 बजे निधन हो गया। वे करीब 75 वर्ष के थे। मृदुभाषी एवं मिलनसार स्वभाव के श्री अग्रवाल के निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गयी। श्री अग्रवाल का अंतिम संस्कार सोमवार दिनांक 3 मार्च की सुबह साढ़े 12 बजे बिजावर नाका स्थित भैंसासुर मुक्तिधाम में होगा। उनकी शव यात्रा उनके विराज गार्डन के पीछे स्थित निज निवास से मुक्तिधाम के लिये रवाना होगी। श्री अग्रवाल अपने पीछे एक भाई, दो पुत्र राजीव एवं प्रशांत, एक पुत्री, भतीजे आशीष, सचिन, ह्देश, नितिन, रूपेश, नाती कार्तिक, ओम, कियान से युक्त भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गये हैं। इस दु:ख की घड़ी में दैनिक परिहार गर्जना परिवार शोक व्यक्त करते हुये दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहन करने की शक्ति देने ईश्वर से प्रार्थना करता है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321